## एक नजर में

### स्ट्रीट फूड वेंडर की दुकानों का निरीक्षण, जांच हेतु नमूने भोपाल भेजे




**रतलाम।** कलेक्टर मिशा सिंह के निर्देशानुसार 9 दिसंबर को दो बत्ती चौपाटी रतलाम स्थित स्ट्रीट फूड वेंडर की दुकानों का सघन निरीक्षण किया गया। दो बत्ती स्थित फास्ट फूड मोमोज के वेंडर देहली मोमोज कॉर्नर, वेद मोमोज एवं न्यू मोमोज शॉप से मोमोज के नमूने जांच हेतु संग्रहित किए गए। सभी नमूने जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल को भेजे गए है। सभी स्ट्रीट फूड वेंडर को साफ सफाई एवं गुणवत्ता युक्त खाद्य सामग्री के उपयोग हेतु निर्देशित किया गया। कार्यवाही में खाद्य सुरक्षा अधिकारी शैलेश गुप्ता एवं कमलेश जमरा उपस्थित थे।

### बुजुर्ग का एसपीओटू लगातार गिरने व बेहोश होने पर कराया जिला अस्पताल में भर्ती, डॉक्टरों ने बचाई जान



**रतलाम।** सिविल सर्जन डॉक्टर एम एस सागर ने बताया कि जिला अस्पताल के न्यू आई सी यू में भर्ती बुजुर्ग गणेश लाल निवासी दीनदयाल नगर रतलाम को अचानक बेहोशी एवं अस्थिर हालात में भर्ती करवाया गया। भर्ती के कुछ देर बाद ही मरीज का एस पी ओ टू गिरने लगा और मरीज को बाहर से ऑक्सिजन देने की आवश्यकता पड़ने लगी शुरुवात में एनआरएमबी मास्क की सहायता से और उसके बाद बाई पेप सपोर्ट पर रखा गया। सिविल अस्पताल में मरीज को बी आई पी ए पी सपोर्ट पर रखने के बाद मरीज स्थिर हुआ चूंकि मरीज का इलेक्ट्रोलाइट अस्थिर था इसलिए मरीज बहुत ही बेचैन हो रहा था। डॉ. कैलाश चारेल एम डी मेडिसिन एवं स्टाफ की निगरानी मे मरीज को तीन से चार दिन भर्ती कर उपचार किया गया। मरीज की स्थिति सुधरी और मरीज के फेफड़ो मे हुए संक्रमण पर भी काबू पाया गया। मरीज के परिजनों ने जानकारी दी कि हमे हर प्रकार के एंटी बायोटिक एवं दवाएं सरकारी अस्पताल से ही मुहैया करवाई गई है। मरीज के परिजनों ने डॉ चारेल एवं समस्त नर्सिंग स्टाफ और सरकार की व्यवस्थाओं एवं नि:शुल्क दवाईयों की सुविधा के लिए प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3 .0 के अंतर्गत आईटीआई कॉलेज को तंबाकू मुक्त घोषित

**रतलाम।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संध्या बेलसरे ने बताया कि तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3 .0 अंतर्गत तंबाकू उत्पादों के खतरों के प्रति जानकारी दी जाकर विभिन्न शासकीय स्कूल, कॉलेजों को तंबाकू मुक्त बनाया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन आईटीआई कॉलेज में किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा तंबाकू मुक्त जीवनशैली अपनाने की शपथ ली गई एवं मानव श्रृंखला बनाकर तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जनजागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य यू पी अहीरवाल सहित फैकल्टी सदस्यों मृनाल व्यास, रवि बघेल, अभिषेक दुबे, शिवांगी साहू, अनुराधा मर्मत उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन और मार्गदर्शन नोडल ऑफिसर तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम डॉ शिरीन खान, पी ओरल कैंसर स्पेशलिस्ट डॉ दिनाकरन तथा अशोक अग्रवाल (मध्य प्रदेश कैंसर सोसायटी के आजीवन सदस्य) द्वारा किया गया। सभी उपस्थित स्टाफ और विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि वे स्वयं तंबाकू से दूर रहेंगे और समाज को भी तंबाकू मुक्त बनाने में सहयोग करेंगे। मध्य प्रदेश कैंसर सोसायटी के आजीवन सदस्य अशोक अग्रवाल ने बताया कि जिला चिकित्सालय रतलाम में दिनांक 12 दिसंबर को निशुल्क कैंसर परीक्षण शिविर का आयोजन डॉ गोपाल यादव नोडल अधिकारी कैंसर एवं सर्जिकल स्पेशलिस्ट की उपस्थिति में किया जाएगा।

### भटनागर के काव्य संकलनों का विमोचन 25 को

**रतलाम।** साहित्यिक संस्था अनुभूति रतलाम के तत्वाधान में वरिष्ठ कवि गीतकार हरिशंकर भटनागर का 8 वां काव्य संग्रह 'स्वर्ण रेखा के किनारे से तथा 'कैकेयी का पश्चाताप (खंड काव्य) का विमोचन सैलाना रोड़ गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज के सामने निजी होटल (जलसारा) में 25 दिसम्बर को अपराहं 3 बजे किया जायेगा। संस्था अध्यक्ष डॉ. मोहन परमार एवं संरक्षक दिनेश कुमार जैन एक प्रेस विज्ञप्ति में जानकारी देते हुए बताया कि इससे पूर्व में हरिशंकर भटनागर के 6 पुस्तक महक (काव्य संग्रह), सागर के उस पर, (कहानी संग्रह), गुंजन (काव्य संग्रह), आखरी शर्त (उपन्यास), मन की आवाज (कहानी संग्रह), शीप के मोती (काव्य संग्रह) प्रकाशित हो चुके है तथा स्वर्ण किरण काव्य संग्रह एवं डायरी के फूल कहानी संग्रह प्रकाशाधीन है। डॉ. परमार एवं श्री जैन ने नगर के साहित्यकारों एवं प्रबुद्ध वर्ग से कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है।

## अरनिया पीथा मंडी में दो दुकानों में सेंध, एक के टूटे ताले

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** अरनिया पीथा कृषि उपज मंडी में बीती रात अज्ञात चोरों ने गेहूं अड्डे की तीन दुकानों को निशाना बनाया। चोरों ने दो दुकानों में चोरी को अंजाम दिया,

- व्यापारियों में भारी आक्रोश, 12 बजे तक बंद रहे सभी निलाम
- सुरक्षा को लेकर मंडी भारसाधक अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

जबकि एक दुकान पर केवल ताले ही तोड़ सके। घटना के बाद मंडी में व्यापारियों के बीच गहरा रोष व्याप्त है। चोरी की वारदात से नाराज व्यापारियों ने बुधवार को करीब 12 बजे तक सभी जिन्सों के निलाम बंद रखकर अपना विरोध जताया। मंडी भारसाधक अधिकारी व एसडीएम सुनिल जायसवाल को ज्ञापन सौंपकर मंडी में आए दिन हो रही चोरियों पर अंकुश लगाने व सुरक्षा मुहैया कराने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन उपरांत पुन: निलाम प्रारंभ हो सका। निलाम बंद होने से ऊपज लेकर आए किसान परेशान होते दिखाई दिए।



जानकारी के अनुसार मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात में करीब तीन बदमाशों ने गेंहु अड्डे चोरी की वारदातों को अंजाम दिया। बदमाशों ने मोहन कल्याण एग्रोटेक फ़र्म में सेंध लगाई। फ़र्म के संचालक राजेंद्र अग्रवाल ने बताया कि बदमाश तिजोरी में रखी 15 हजार की चिल्लर व कुछ नगदी चुरा कर ले गए। इसके बाद बदमाशों ने पाटनी ट्रेडर्स को निशाना बनाया, जहां से करीब दो सौ ग्राम चांदी का नारियल तथा 7 चांदी के सिक्के व करीब 7 हजार की चिल्लर और अन्य मिलाकर कुल करीब 30 से 35 हजार की चोरी को अंजाम दिया। संचालक पवन पाटनी ने बताया कि चोकीदार से सूचना मिलने पर रात मे ही दुकान खोलकर देखने पर चोरी की पुष्टि हुई। तीसरी घटना रुनवाल ट्रेडर्स में हुई, जहां चोरों ने दुकान का गेट तो तोड़ दिया, लेकिन अंदर रखी सेफ को तोड़ नहीं पाए। इसी बीच मंडी गार्ड की आहट सुनकर बदमाश मौके से भाग निकले। गार्ड ने तुरंत संबंधित व्यापारियों को सूचना दी, जिसके बाद रात करीब 3 बजे व्यापारी मंडी पहुंचे और दुकानों की स्थिति देखी। मंडी प्रांगण के साथ ही दुकानों में लगे सीसीटीवी केमरों में देखा तो करीब तीन बदमाश चोरी करते दिखाई दे रहे हैं।

### ज्ञापन सौंप व्यापारियों ने की सुरक्षा की मांग

मंडी में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से हताश व्यापारियों ने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि पूर्व में पुलिस पेट्रोलिंग की मांग की गई थी, लेकिन पुलिस द्वारा लगातार पेट्रोलिंग नहीं की जाती है। इस कारण चौरो के होसले बढ़ जाते हैं। मंडी में बाउंड्रीवाल भी अधूरी होने के कारण चोरों को आने जाने में भी आसानी रहती है। सुरक्षा गार्ड के पास डंडा व टार्च भी नहीं हैं ऐसे में मंडी में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम नहीं हैं। आए हो रही चोरी की वारदातों से व्यापारी स्वयं को असुरक्षित महसुस कर रहे हैं।

## पंचायतों में रिक्त स्थानों के उप निर्वाचन तैयारी, 29 दिसंबर को होगा मतदान

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालिनी श्रीवास्तव ने बताया कि रतलाम जिले में पंचायतों में रिक्त स्थानों के उप निर्वाचन की कार्यवाही म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार सम्पादित कि जाना है। रतलाम जिले में रिक्त पद जनपद पंचायत रतलाम की ग्राम पंचायतों के 3 पंच ग्राम पंचायत मोरदा का वार्ड क्र. 1, ग्राम पंचायत कलमोडा का वार्ड क्रं. 12, ग्राम पंचायत कुआझांगर का वार्ड क्रं. 4, जनपद पंचायत सैलाना के ग्राम पंचायत इन्द्रावलखुर्द के सरपंच एवं ग्राम पंचायत बासिन्द्रा के वार्ड क्रं. 16 के पंच, जनपद पंचायत जावरा की ग्राम पंचायत भीमाखेडी के वार्ड क्रं. 16 के पंच एवं ग्राम पंचायत हनुमंतिया के वार्ड क्रं. 15 के पंच जनपद पंचायत पिपलौदा की ग्राम पंचायत चिकलाना के वार्ड क्रं. 12 एवं ग्राम पंचायत बरखेडी के वार्ड क्रं. 5 पर निर्वाचन की प्रक्रिया म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 8 दिसंबर 2025 से 5 जनवरी 2026 तक संपन्न होगी। नाम निर्देशन पत्र 15 दिसम्बर को 3 बजे तक प्राप्त किये जायेगें, नाम निर्देशन पत्रों की जॉच 16 दिसंबर को एवं 18 दिसंबर को नाम वापसी की अंतिम तारीख होगी तथा 18 दिसंबर को नाम वापसी के पश्चात निर्वाचन लडने वाले अभ्यर्थियों को प्रतीक चिन्ह आवंटित किये जायेगें। 29 दिसंबर 2025 को प्रात: 7 बजे से 3.00 बजे तक मतदान होगा, मतदान के पश्चात पंच पद के निर्वाचन के लिये मतदान केन्द्र पर ही मतगणना की जाएगी एवं सरपंच पद के निर्वाचन ई.व्ही.एम. से होने पर 2 जनवरी 2026 को विकासखण्ड मुख्यालय पर मतो की गणना की जाकर परिणाम की घोषणा की जाएगी। सारणीकरण का कार्य 5 जनवरी 2026 को विकासखण्ड मुख्यालय पर किया जायेगा।

### स्वदेशी मेले का समापन

**रतलाम।** स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वर्णिम भारत फाउंडेशन द्वारा आयोजित स्वदेशी मेले का समापन संपन्न हुआ। 10 दिवसीय मेले में स्वदेशी वस्तुओं के स्टॉल, स्वदेशी व्यंजन, भव्य श्री राम मंदिर, आकर्षक झूले, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रमुख आकर्षण रहे। स्वदेशी मेला शहरवासियों में स्वदेशी वस्तुओं के प्रति जागरूकता एवं आकर्षण की प्रेरणा का केंद्र रहा। मुख्य अतिथि सुधीर दाते ने स्वदेशी मेला आयोजन समिति को शुभकामनाएं दी। मेला संयोजक वरुण पोरवाल, विभाग संयोजक स्वतंत्र पाल सिंह देवड़ा एवं अन्य सहसंयोजको को बधाई दी। मेला संयोजक वरुण पोरवाल ने बताया कि 10 दिवसीय मेले मे शहर व आसपास के गांवों से करीब 50 हजार से अधिक लोगों का आगमन रहा, संपूर्ण पारिवारिक माहौल रहा एवं लोगों में मेले के प्रति उत्साह दिखाई दिया। पोरवाल ने बताया कि अगले वर्ष फिर इसी तर्ज पर स्वदेशी मेला आयोजित किया जाएगा एवं उसमें वनवासी अंचल के उत्पाद एवं अन्य राज्यों से उत्पादों को स्थान मिलेगा।

## हर-हर महादेव की जयकारों से गूंजा मंदिर परिसर



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** श्री सनातन धर्म सभा एवं महारूद्र यज्ञ समिति के बैनर तले आज बुधवार को बागड़ों का वास स्थित चौमुखा महादेव मंदिर (अगर जी का मंदिर) पर 21 भूदेवों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक किया गया। तत्पश्चात ध्वजारोहण हुआ और हर-हर महादेव और सनातन धर्म की जय के जयकारों से गूंज उठा चौमुखा महादेव मंदिर परिसर।

त्रिवेणी के पावन तट पर 11 दिसम्बर गुरूवार से आयोजित होने वाले 72 वें महारूद्र के पूर्व बुधवार की सुबह बागड़ों का वास स्थित श्री चौमुखा महादेव मंदिर परिसर में यज्ञाचार्य पं. दुर्गाशंकर ओझा के नेतृत्व में यज्ञ के मुख्य यजमान श्रीमती गायत्री देवी पप्पू जी सोनी दम्पत्ति से 21 भूदेवो ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन अर्चन करवाया। इसके पश्चात अभिषेक व आरती की गई। श्री सनातन धर्म सभा अध्यक्ष अनिल झालानी सहित उपस्थित धर्मालुजनों की उपस्थिति में यजमान दम्पत्ति द्वारा ध्वज की पूजन कर ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान अध्यक्ष अनिल झालानी, पूर्व विधायक कोमलसिंह राठौर, नवनीत सोनी, डॉ. राजेन्द्र शर्मा, मनोहर पोरवाल, रमेश पाठक, ब्रजेन्द्रनंदन मेहता, पुष्पेन्द्र जोशी, सत्यनारायण पालीवाल, हेमेन्द्र उपाध्याय, नरेन्द्र जोशी, सुरेश दवे, चेतन शर्मा, रमेश व्यास, लालचंद टांक, बद्रीलाल भगत जी, श्रीमती रजनी व्यास, राखी व्यास, सुनीता पाठक एवं महिला मण्डल सहित बड़ी संख्या में धर्मालुजन उपस्थित थे।

### आज से महारूद्र होगा प्रारम्भ

श्री सनातन धर्म सभा अध्यक्ष अनिल झालानी ने बताया कि महारूद्र.यज्ञ का शुभारम्भ 11 दिसम्बर गुरूवार प्रात: 10.30 बजे त्रिवेणी तट पर महामण्डलेश्वर स्वामी प्रवणानंदजी (श्री मार्कण्डेय आश्रम, ओंकारेश्वर) की पावन निश्रा में होगा। महाराज के करकमलों द्वारा ध्वजारोहण पश्चात यज्ञ शाला में अग्नि प्रवेश के साथ ही 72 वां महारूद्र यज्ञ प्रारम्भ होगा।

## पेंशन के आवेदनों को पंचायत सचिव ने लंबित किया, नोटिस होगा जारी

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** विगत 5 दिसंबर को सैलाना क्षेत्र के शिवगढ़ क्लस्टर पर 19 ग्राम पंचायतो पर प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत प्राप्त जन आवेदनो की कलेक्टर मिशा सिंह ने कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में सीईओ

**प्रशासन गांव की ओर अभियान में प्राप्त आवेदन की कलेक्टर ने समीक्षा की**

जिला पंचायत सुश्री वैशाली जैन एवं नियुक्त नोड़ल अधिकारियों की उपस्थिति में की। बैठक में सीईओ जनपद सैलाना सुश्री रिया गैरा ने बताया कि आवास योजना के कुल 31 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें से 29 की वेटिंग में पात्रता पायी गई है। जनआवेदनों को जन आकांक्षा पोर्टल पर विभागवार दर्ज किया गया है। कुल प्राप्त आवेदनों की संख्या 495 है। कलेक्टर ने त्वरित कार्यवाही के लिए सीईओ जनपद सैलाना की प्रशंसा की। कलेक्टर ने कहा कि संबंधित विभागीय अधिकारी आवेदन करने वाले हितग्राहियों को उनके आवेदन की अद्यतन स्थिति के बारे में लिखित में सूचना प्रदान करे और पारदर्शिता रखते हुए आवास आवंटन किया जाए, आवेदन की तीन कैटेगरी स्वीकृत, अस्वीकृत एवं मांग आधारित बनायी जाए। खाद्यान्न पात्रता पर्ची के आवेदकों को पात्रता अनुसार सत्यापित करके पोर्टल पर प्रविष्टि की जाए। कलेक्टर ने कहा कि ग्राम बासिन्द्रा में पंचायत स्तर पर आय अर्जित करके सफाईकर्मी की व्यवस्था की जाए, पानी का प्रेशर उचित रखा जाए, विद्युत विभाग के अधिकारी ने बताया कि ग्राम अडवानिया में कृषि चौपाल के दौरान किसानों द्वारा विद्युत पोल की समस्या बतायी गई थी, इसका निराकरण कर दिया गया है। पेंशन संबंधी आवेदनो के संबंध में पंचायत सचिव को आवेदन लंबित रखने के लिए नोटिस दिया गया है। कलेक्टर ने कहा कि जियो टैग पर मजरे टोलो की मैपिंग की जाए। लाड़ली बहना योजना एवं लाड़ली लक्ष्मी योजना के प्राप्त आवेदनों पर शासन के नियमानुसार कार्यवाही की जाए। नवीन आंगनवाडी भवन के प्रस्ताव राज्य स्तर पर प्रेषित किए जाए।



### 12 को सिमलावदा में आयोजन

12 दिसंबर को रतलाम ग्रामीण के सिमलावदा क्लस्टर की 24 पंचायतों में जन आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। इसके लिए शिविरों का आयोजन होगा। बैठक में कलेक्टर मिशा सिंह ने सभी 24 पंचायतो में शिविर आयोजन के लिए पूर्व तैयारी के लिए निर्देशित किया। सिमलावदा क्लस्टर की बदनारा, बिलपांक, चोराना, दंतोडीया, ढिकवा, नौगांवाजागीर, इटावामाताजी, झारखेड़ी, सिनोद कोटड़ी, प्रीतमनगर सालाखेड़ी अम्बोदिया, बिरमावल, धोलका, जमुनिया, मऊ, पीपलखूंटां, पिपलोदी, रत्तागढ़खेड़ा, सरवड़, सिमलावदा, सुजलाना, उमरथाना पंचायतों में शिविरों आयोजित कर आवेदन प्राप्त करेंगे। कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत सहित पंचायत के लिए नियुक्त नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी ग्रामीण क्षेत्र में पहुंचकर आमजन की समस्याएं सुनकर निराकरण करेंगे।

## रेलवे अस्पताल का इन्दौर सीजीएच कैंसर अस्पताल से अनुबंध, बढ़ेगी स्वास्थ्य सुविधा



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** रेल मंडल चिकित्सालय की सुविधाओं में एक और इजाफा करते हुए रेलवे अस्पताल ने इंदौर स्थित सीजीएच कैंसर अस्पताल से अनुबंध किया हैं। जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेश कुमार बेन ने बताया कि अभी तक रेलकर्मी एवं उनके परिवार यदि किसी कैंसर रोग से पीड़ित होने पर इलाज के लिए मुंबई जाना पढ़ता था। अब रेलवे चिकित्सालय प्रशासन द्वारा इंदौर स्थित सीजीएच अस्पताल से अनुबंध होने से सभी कैंसर पीड़ितों का इलाज आसानी से इंदौर में हो सकेगा। डॉक्टर बेन ने बताया कि इंदौर में मेदांता हॉस्पिटल से भी रेलवे अनुबंध कर लिया है और केयर सी एच एल हॉस्पिटल से भी अगले सप्ताह कर लिया जाएगा। रतलाम में भी के के शाह हॉस्पिटल से अनुबंध किया जा रहा है जहां मरीजों को रोबोटिक सर्जरी की सुविधा मिल जाएग। मंडल के सभी डिस्पेंसरी को अनुबंध अस्पतालों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। यह जानकारी ऑल इंडिया रेलवे पेंशनर्स वेलफेयर फेडरेशन के मंडल अध्यक्ष प्रकाश व्यास ने डॉक्टर बेन से मुलाकात के दौरान उपरोक्त जानकारी दी।

### प्रकाश व्यास ने की मांग

प्रकाश व्यास ने कहा कि फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति में खिड़की बंद ना हो तथा पेंशनर को सभी खिड़कियों से दवाई प्राप्त हो। 80% पेंशनर अस्पताल की सेवाएं लेते हैं। इसलिए उनके लिए एक खिड़की निर्धारित की गई है लेकिन उस पर ज्यादा भीड़ होने से दो और तीन नंबर की खिड़की से भी वह दवाई प्राप्त कर सकें।



## जन शिक्षकों को 4 माह से वेतन नहीं मिला, कर्मचारियों ने सौंपा सामूहिक त्यागपत्र की चेतावनी का ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** जिले के समस्त जन शिक्षकों को विगत चार माह से समय पर वेतन नहीं मिल रहा है। लगातार वेतन आहरित में देरी होने पर जनपद शिक्षा केंद्र जावरा के अंतर्गत कार्यरत जन शिक्षकों ने गंभीर चिंता व्यक्त

**वेतन आहरित न होने से बढ़ी आर्थिक परेशानी, 1 तारीख को वेतन की मांग**

करते हुए सामूहिक त्यागपत्र देने की चेतावनी सहित ज्ञापन जिला परियोजना समन्वयक के नाम खंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक चरण सिंह चंद्रावत को सौंपा। ज्ञापन में शिक्षकों ने बताया कि चार माह से वेतन समय पर न मिलने के कारण उन्हें बैंकों से लिए गए ऋण की किश्तें जमा करने में कठिनाई हो रही है। कई शिक्षकों को रोजमर्रा के खर्चों के लिए भी इधर-उधर से व्यवस्था करनी पड़ रही है, जिससे मानसिक तनाव बढ़ता जा रहा हैं। प्रतिनियुक्ति पर रहते हुए जन शिक्षक रतलाम जिले में पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से कार्य कर रहे हैं, बावजूद इसके वेतन में हो रही निरंतर देरी उच्च अधिकारियों की उदासीनता दर्शाती है। वहीं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को भी समय पर वेतन न मिलने से उनके परिवार का खर्च चलाना मुश्किल हो रहा है।

**प्रति माह 1 तारिख को मिले वेतन :** ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि प्रत्येक माह की 1 तारीख को नियमित रूप से वेतन आहरित कराया जाए, ताकि आर्थिक संकट का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर खंड अकादमिक समन्वयक नीता शर्मा, जन शिक्षक सौरभ गुप्ता, सुनील कोठाने, लक्ष्मी नारायण मेहता, केसर खान, कैलाश वाक्तरिया, प्यार सिंह पवार, सादिक खान, अशोक दड़िंग, महेंद्र त्रिवेदी, लालू मईड़ा, अंगुरबाला पाटीदार, शिवनारायण धाकड़, सुनील कदम सहित अन्य जन शिक्षक उपस्थित रहे।

### नपा के कैंप में जमा हुए 1 लाख 65 हजार 483 रुपए

**जावरा।** नगर के वार्ड क्रमांक 15 स्थित सुभाष चौपड़ा कॉलोनी (महावीर कॉलोनी) में राजस्थानी मैरिज हॉल के पास जावरा नगर पालिका परिषद द्वारा विकास कार्यों को गति देने हेतु एक विशेष कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप नगर पालिका अध्यक्ष अनम मो. युसुफ कड़पा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी राहुल शर्मा के निर्देश पर आयोजित किया गया। कैंप के माध्यम से कॉलोनी के रहवासियों ने विकास शुल्क की 50 प्रतिशत राशि जमा कर सहयोग प्रदान किया। कुल 1 लाख 65 लाख 483 रुपए की राशि जमा की गई, जिससे क्षेत्र में आगामी विकास कार्यों को प्रोत्साहन मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष सुशील कोचट्टा, पूर्व नपा अध्यक्ष मो. युसुफ कड़पा, क्षेत्रीय पार्षद रजत सोनी, सिद्दीक बैग, इमरानउद्दीन कुरैशी, माजिद खान, पुखराज बिड़वान एवं समीर शेख सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

**पत्रकारवार्ता** — पत्रकारवार्ता में दी मामले की पूरी जानकारी, स्टेशन रोड पुलिस को मिली सफलता

## कसाई मंडी में हुई चोरी का खुलासा, सामान जब्त

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** पुलिस ने पिछले महीने हुई चोरी का खुलासा कर दिया हैं। पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि चोरी के खुलासे के लिए गठित की गई टीम ने लगातार साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी पर पूर्व में कई अपराध भी दर्ज हैं। बताया कि फरियादी फरजाना बी पति रईस कुरैशी नि. शैरानीपुरा हरिजन बस्ती रतलाम ने 8 नवम्बर को थाने पर चोरी की सूचना दी थी। बताया कि मेरे घर का ताला टुटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो अलमारी का सामान बिखरा हुआ पडा था तथा अलमारी के अंदर लाकर में रखे सोने के कान के टाप्स व लटकन, सोने का मंगलसूत्र, सोने की अंगुठी, बच्चों की चाँदी की गले की चेन, चाँदी की पायल, बच्चो के गुल्लक में रखे पाँच हजार करीबन व मेरे पति बी.सी. के नगदी रूपये लेकर आए थे उक्त सारा सामान नहीं मिला। कोई अज्ञात बदमाश मेरे घर का ताला तोडकर उसमें रखे सोने चाँदी के आभूषण चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

रतलाम पुलिस अधीक्षक अमित कुमार एवं अति.पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा के मार्गदर्शन में घटना की गंभीरता को देखते हुए नगर पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र घनघोरिया के मार्गदर्शन मे थाना स्टेशन रोड रतलाम पुलिस की टीम घटित की गई है। थाना प्रभारी स्टेशन रोड निरीक्षक जितेंद्र सिह जादौन नें टीम प्रभारी सउनि देवेन्द्रसिह सेंगर को प्रकरण के सभी तथ्यो पर विवेचना करने हेतु लगाया। घटनास्थल के आसपास के लोगों तथा मुखबीर व गठित टीम द्वारा मुखबिर सूचना पर से आरोपी मोईन उर्फ मोनु जुगाड निवासी हाथीखाना बाई जी का वास रतलाम को गिरफ्तार किया। आरोपी मोईन उर्फ मोनु जुगाड की निशादेही से फरियादिया फरजाना बी के घर से चोरी गया मश्रुका सोने चांदी के आभूषण कीमती करीबन 1 लाख रुपये के जप्त किये गये।

**जप्त सामाग्री :** सोने के 8 मोती, दो चांदी के सिक्के, दो चांदी की चेन, दो जोड चांदी के कडे, एक सोने की अंगुठी कीमती 100000/-रुपये करीबन (एक लाख रुपये करीबन)।

**इनकी रही सराहनीय भूमिका :** निरीक्षक जितेन्द्र सिह जादौन थाना प्रभारी थाना स्टेशन रोड, सउनि देवेन्द्रसिह सेंगर, का प्रआर हेमन्त परमार, का प्रआर् महेन्द्र फतरोड, का प्रआर् मुकेशसिह चौहान, का प्रआर विनोदसिह, आर. अनिल सोलंकी, आर. हरिकिशन पंवार, आर. बबलु मैडा, आर. शंकर कटारा की सराहनीय भूमिका रही।



### आरोपी पर 23 प्रकरण दर्ज

पुलिस के अनुसार आरोपी मोईन उर्फ मोनु जुगाड पिता इसरार खान (28) निवासी हाथीखाना बाईजी का वास रतलाम के विरध्द पूर्व में भी चोरी, एनडीपीएस, मारपीट, आर्म्स एक्ट, आबकारी एक्ट के 23 प्रकरण अपराध पंजीबध्द है।